**2022**

# वाणिज्य

**तृतीय प्रश्न-पत्र**

# (Commerce)

**Third Paper**

*निर्धारित समय : तीन घण्टे]* *[ पूर्णांक : 100*

*Time allowed : Three Hours]* *[Maximum Marks : 100*

**नोट :** (i) *__सभी__ प्रश्न अनिवार्य हैं ।*

(ii) *यह प्रश्न-पत्र दो खण्डों (भाग-1, भाग-2) में विभक्त है । प्रत्येक प्रश्न के अंक उसके अन्त में अंकित है ।*

(iii) *एक प्रश्न के सभी भागों का उत्तर अनिवार्यतः एक साथ दिया जाये ।*

**Note :** (i) *__All__ questions are compulsory.*

(ii) *This question paper is divided in two parts (Part-1, Part-2). The marks of each question are mentioned at the end of the question.*

(iii) *The parts of same questions must be answered together.*

## भाग – I / Part – I

### (लेखांकन/Accounting)

1. (अ) सूचना तन्त्र के रूप में लेखांकन के उपयोगों को बताइए । 5

(ब) लेखांकन के क्षेत्र एवं उद्देश्यों को स्पष्ट कीजिए । 5

(a) State the uses of Accounting as an Information System.

(b) Explain the scope and objectives of Accounting.

2\. (अ) साझेदारी फर्म के सन्दर्भ में स्थायी पूँजी खाता तथा परिवर्तनशील पूँजी खाते के मध्य अन्तर कीजिए। 5

(ब) भरत तथा भूषण एक फुटकर व्यापार में साझेदार हैं । 31 मार्च, 2021 को पूँजी खाते तथा चालू खाते में शेष इस प्रकार थे : 5

| | पूँजी खाता | चालू खाता | |
|---|---|---|---|
| भरत | ₹ 2,00,000 | ₹ 50,000 | |
| भूषण | ₹ 2,40,000 | ₹ 10,000 | (डेबिट शेष) |

फर्म ₹ 90,000 का औसत लाभ कमाती है । यदि सामान्य आय की दर 10% है, तो ख्याति का मूल्य ज्ञात कीजिए ।

(a) Distinguish between 'Fixed Capital Account' and 'Fluctuating Capital Account' in a partnership firm.

(b) Bharat and Bhushan are partners in a retail business. Balances in Capital and Current Accounts as on 31st March 2021, were :

| | Capital Account | Current Account | |
|---|---|---|---|
| Bharat | ₹ 2,00,000 | ₹ 50,000 | |
| Bhushan | ₹ 2,40,000 | ₹ 10,000 | (Debit Bal.) |

The firm earned an average profit of ₹ 90,000. If the normal rate of return is 10%, find out the value of goodwill.

3\. 'एक्स' कम्पनी को जनता से 65,000 अंशों के लिए आवेदन-पत्र प्राप्त हुए । अंशों का आबंटन निम्नानुसार किया गया (अधिकृत अंश 1,00,000 प्रति ₹ 10) : 10

(अ) 40,000 अंशों के आवेदकों को 100%

(ब) 20,000 अंशों के आवेदकों को 50%

(स) 5,000 अंशों के आवेदकों को कोई आबंटन नहीं ।

उक्त (अ) श्रेणी के 500 अंशों के आबंटी ने आबंटन की राशि के साथ अंशों पर देय पूर्ण राशि का भुगतान कर दिया ।

उक्त (अ) श्रेणी के एक अन्य 1000 अंशों के अंशधारी द्वारा याचना पर देय राशि का भुगतान नहीं किया जा सका । उसके अंशों का हरण कर दिया गया तथा उनमें से 800 अंशों को पूर्णदत्त मूल्य पर ₹ 8 प्रति अंश मूल्य पर पुनर्निर्गमित कर दिया गया ।

अंशों का अंकित मूल्य ₹ 10 है,

याचनाएँ इस प्रकार हैं :

आवेदन ₹ 3, आबंटन ₹ 4 (प्रब्याजी सहित), याचना राशि ₹ 4 है ।

जर्नल प्रविष्टियाँ कीजिए तथा स्थिति विवरण बनाइए ।

Application for 65,000 shares were received from Public by 'X' Co.. Allotment of shares made as follows (Authorised shares 1,00,000 @ ₹ 10) :

(a) 100% shares to applicants of 40,000 shares

(b) 50% shares to applicants of 20,000 shares

(c) No allotment to applicants of 5,000 shares

A shareholder to whom 500 shares were allotted under category (a), paid full amount on shares alongwith allotment money.

Another shareholder under category (a), holding 1000 shares failed to pay the amount due on call. His shares were forfeited and 800 of these shares were re-issued as fully paid up @ ₹ 8 per share.

Face value of shares are ₹ 10,

Calls were made as follows :

On Application : ₹ 3

On Allotment : ₹ 4 (With premium)

On Calls : ₹ 4

Give the Journal Entries and prepare Balance Sheet.

4. (अ) आय एवं व्यय खाते तथा प्राप्ति एवं भुगतान खाते के मध्य अन्तर बताइए । 5

(ब) एक कम्पनी से संबंधित निम्नलिखित सूचनाओं से, इसके समता अंश का मूल्य ज्ञात कीजिए : 5

(i) निर्गमित समता अंश पूँजी : 10,000 अंश प्रति ₹ 10

(ii) प्रदत्त समता अंश पूँजी : ₹ 8 प्रति अंश

(iii) 6% पूर्वाधिकार अंश पूँजी : 1,00,000 अंश प्रति ₹ 10 पूर्ण प्रदत्त

(iv) प्रति वर्ष सामान्य संचय में हस्तान्तरित राशि : 20%

(v) कर की दर : 50%

(vi) कर पूर्व प्रत्याशित लाभ : ₹ 2,00,000

(vii) सामान्य आय की दर : 20%

(a) Distinguish between 'Income & Expenditure Account' and 'Receipts & Payments Account'.

(b) From the following information relating to a company, calculate the value of its equity shares :

(i) Issued equity share capital : 10,000 shares of ₹ 10 each.

(ii) Paid-up equity share capital : ₹ 8 per share

(iii) 6% preference share capital : 1,00,000 shares of ₹ 10 each fully paid.

(iv) Annual transfers to general reserve : 20%

(v) Rate of tax : 50%

(vi) Expected profits before tax : ₹ 2,00,000

(vii) Normal rate of return : 20%

5. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **दो** प्रश्नों का उत्तर दीजिए :

(अ) अंकेक्षण के उद्देश्य क्या हैं ? 5

(ब) प्रलेखों तथा प्रमाणकों में अन्तर बताइए । 5

(स) आन्तरिक जाँच से आप क्या समझते हैं ? 5

(द) अंकेक्षण कार्यक्रम की अवधारणा का वर्णन कीजिए । 5

Attempt any **two** of the following questions :

(a) What are the objectives of Auditing ?

(b) Distinguish between documents and vouchers.

(c) What do you understand by Internal Check ?

(d) Discuss the concept of Audit Programme.

## भाग – II / Part – II

## व्यावसायिक संगठन, प्रबन्ध एवं सचिवीय पद्धति

## Business Organisation, Management and Secretarial Practices

6. निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(अ) कंपनी के निर्माण और समामेलन के अंतर्गत सम्मिलित चरणों का वर्णन कीजिए। 5

(ब) संयुक्त स्कन्ध कंपनी से आप क्या समझते हैं ? संयुक्त स्कन्ध कंपनी की विशेषताएँ एवं प्रकारों की विवेचना कीजिए। 5

(स) निम्नलिखित से आप क्या समझते हैं : 5

(i) उद्देश्यों द्वारा प्रबन्ध

(ii) परिवर्तन का प्रबन्ध

(iii) अपवाद द्वारा प्रबन्ध

Attempt any **two** questions from the following :

(a) Discuss the steps involved in formation and incorporation of a company.

(b) What do you mean by Joint Stock Company ? Also discuss the characteristics and types of Joint Stock Company.

(c) What do you mean by following :

(i) Management by objectives

(ii) Management of change

(iii) Management by exception

7. निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(अ) विदेशी व्यापार के तुलनात्मक लागत सिद्धांत की व्याख्या कीजिए। 5

(ब) भारत के लिए विदेश व्यापार को बढ़ावा देने में आयात-निर्यात बैंक (एक्जिम बैंक) की भूमिका पर चर्चा कीजिए। 5

(स) भारत सरकार द्वारा प्रारंभ किए गए महत्त्वपूर्ण निर्यात प्रोत्साहन तकनीकों एवं प्रेरणाओं की व्याख्या कीजिए। 5

Answer any **two** questions from the following :

(a) Explain the comparative cost theory of Foreign Trade.

(b) Discuss the role of EXIM bank in foreign trade promotion for India.

(c) Explain the important export promotion techniques and incentives initiated by Government of India.

8. निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(अ) "विशिष्ट परिणाम प्राप्त करने के लिए सभी संसाधनों का समन्वय और एकीकरण, प्रबंध में सम्मिलित है ।" इस कथन को समझाइए । 5

(ब) कंपनी सचिव के रूप में नियुक्ति के लिए आवश्यक योग्यताओं पर चर्चा कीजिए । 5

(स) कार्यालय स्वचालन एवं कम्प्यूटरीकरण पद से आप क्या समझते हैं ? 5

Answer any **two** questions from the following :

(a) "Management involves co-ordination and integration of all resources, to accord specific results." Explain this statement.

(b) Discuss the essential qualifications for appointment as a Company Secretary.

(c) What do you understand by the term Office Automation and Computerization ?

9. निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(अ) भारत में बीमा व्यवसाय का निजीकरण क्यों किया जा रहा है ? उनके निजीकरण के पक्ष और विपक्ष में तर्क दीजिए । 5

(ब) "निचले स्तर पर निर्णयों की संख्या जितनी अधिक होगी, विकेंद्रीकरण उतना ही अधिक होगा ।" टिप्पणी कीजिए । 5

(स) "बिना नियंत्रण के योजना बनाना व्यर्थ है और नियोजन के बिना नियंत्रण व्यर्थ है ।" चर्चा कीजिए । 5

Answer any **two** questions from the following :

(a) Why is Insurance Business being privatized in India ? Give the arguments for and against their privatization.

(b) "The greater the number of decisions at lower level, the greater is decentralization." Comment.

(c) "Planning without control is meaningless and control without planning is a waste." Discuss this statement.

10. निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(अ) "अधिकार के परे का सिद्धांत, अंशधारकों के लिए एक भ्रामक सुरक्षा है ।" व्याख्या कीजिए । **5**

(ब) कार्य विशिष्टिकरण एवं कार्य मूल्यांकन क्या है ? **5**

(स) आंतरिक प्रबंधन का सिद्धांत, रचनात्मक सूचना के नियम का अपवाद है । विस्तार से समझाइए । **5**

Answer any **two** questions from the following :

(a) "The Doctrine of Ultra Vires is an illusory protection to the shareholders." Explain.

(b) What is Job Specification and Job Evaluation ?

(c) Doctrine of Indoor Management is an exception to the rule of Constructive Notice. Elaborate.